कार्यालय विशेष आयुक्त पुलिस, परिचालनः नई दिल्ली।

संख्या 914 /निजी शा0-विशेष आयु0/परि0, दिल्ली, दिनाँक 29.07.2011

सेवा में,

संपादक
दैनिक जागरण,
दिल्ली।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक अखबार **"जागरण"**, 28.07.2011 में छपी एक खबर शीर्षकः **"गले फंसी राजभवन की कीमती पसंद"** की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहुँगा।

जहाँ तक दिल्ली पुलिस का प्रश्न है, हमारे पास लगभग सवा तीन हजार टैट्रा के वायरलैस सैट इस्तमाल में हैं एवं इनका तकनीकी मूल्याँकन आपूर्तिकर्त्ताओं के साथ किया जा रहा है। जब-जब कोई भी कमी महसूस की जाती है, हम इसे तुरन्त "एच.सी.एल." एवं "मोटोरोला" के सूचनार्थ इंगित कर देते हैं। दिल्ली पुलिस का मौजूदा नेटवर्क 800 मेगाहर्ज पर है/था, जबकि टैट्रा 400 मेगाहर्ज पर कार्य करता है। अतः दोनों नेटवर्क का आपस में तालमेल सम्भव नहीं है। इस नेटवर्क का उद्देश्य राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एवं राष्ट्रमंडल खेलों के उपरान्त् अलग-अलग हो गये हैं।

कृपया उपरोक्त तथ्य को भी उचित प्रमुखता से प्रकाशित करने का कष्ट करें, जिससे पाठकों का ज्ञान लाभ हो सके।

भवदीय

(दीपक मिश्रा)
विशेष आयुक्त पुलिस,
परिचालनः दिल्ली।

प्रतिलिपि जन सम्पर्क अधिकारी, दिल्ली पुलिस को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतू।